प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

गन्ने की सिंगल बड़ नर्सरी उत्पादन विधि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

पंतनगर 28 सितम्बर 2022। गन्ना अनुसंधान केन्द्र, काशीपुर पर अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग एवं शोध निदेशालय, पंतनगर के सौजन्य से अखिल भारतीय गन्ना शोध परियोजना के अन्तर्गत आज गन्ने की सिंगल बड़ नर्सरी उत्पादन विधि पर एक–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केन्द्र प्रभारी, डा. ए.एस. जीना ने कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण एवं गन्ना प्रजातियों का विकास तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। सहायक निदेशक, डा. संजय कुमार ने गन्ने की सिंगल बड़ नर्सरी के उत्पादन की विधि की विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिक अधिकारी, डा. सिद्धार्थ कश्यप ने गन्ना रोग एवं उनका समाधान; कीट वैज्ञानिक, डा. रवि मौर्य ने गन्ने में लगने वाले कीटों एवं उनका उपचार तथा वैज्ञानिक अधिकारी, डा. प्रमोद कुमार सिंह ने गन्ने की नवीन उन्नत प्रजातियों की जानकारी दी। उन्होंने पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित गन्ना प्रजाति को. पन्त 12221, को. पंत 13224, को. पन्त 12226 का उपरोक्त विधि द्वारा तैयार कर बीज उपलब्ध कराने की बात कहीं। इसके अतिरिक्त को. लख. 14201, को. लख. 15201, को.शा. 13235 एवं को. 15023 प्रजातियों के बारें में बताया। श्री पंकज रावत ने सिंगल बड़ नर्सरी का लाइव डेमो किसानों को दिया। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, काशीपुर श्री महेश प्रसाद उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया।